प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 21.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप सम्मेलन का किया शुभारंभ, कहा– वैश्विक शक्ति के रुप में उभर रहा है भारत।
2. विधानसभा के बजट सत्र को लेकर स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो अब से थोड़ी ही देर बाद करेंगे सर्वदलीय बैठक, सत्र के सुचारु संचालन को लेकर होगा विचार–विमर्श।
3. झारखंड जगुआर का 17वां स्थापना दिवस समारोह शुरु, डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की नक्सल अभियान में जगुआर जवानों के पराक्रम की सराहना।
4. केन्द्र सरकार के कश्मीरी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के तहत जम्मू कश्मीर के डेढ़ सौ छात्र–छात्राओं के दल ने धनबाद का किया भ्रमण, एक भारत–श्रेष्ठ भारत का दिखा उत्कृष्ट नमूना।
5. दुमका में राजकीय जनजातीय हिजला मेला शुरू, ग्राम प्रधान ने की आदिवासियों की समृद्ध विरासत को बचाये रखने की अपील।

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है और उसे हर क्षेत्र में ऊर्जावान नेताओं की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए विश्व स्तरीय नेताओं और अंतरराष्ट्रीय नेतृत्व की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों का विकास बहुत महत्वपूर्ण है।

********************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के सुचारु संचालन के लिए स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने अब से थोड़ी देर बाद सर्वदलीय बैठक करेंगे। बैठक में सदन के नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक दल के नेता शामिल होंगे। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा होगी और विधानसभा अध्यक्ष सत्र के संचालन में सभी दलों से सहयोग की अपील करेंगे।

********************

झारखंड जगुआर का 17वां स्थापना दिवस समारोह रांची में शुरु हो गया है। समारोह में डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत राज्य पुलिस के कई आला अधिकारी भाग ले रहे हैं। समारोह के दौरान जवानों द्वारा अपने पराक्रम का प्रदर्शन किया जा रहा है। श्री गुप्ता ने नक्सल अभियान में जगुआर जवानों के भूमिका की सराहना की है।

********************

केन्द्र सरकार की विशेष पहल पर शुरु हुए कश्मीरी युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम– वतन को जानो के तहत जम्मू कश्मीर के करीब डेढ़ सौ छात्र–छात्राओं का दल धनबाद पहुंचा है। विद्यार्थियों के इस दल ने धनबाद के कई जगहों का भ्रमण किया और स्थानीय परंपरा, भाषा और संस्कृति को जानने–समझने का प्रयास किया। स्थानीय विधायक राज सिन्हा की ओर से छात्र–छात्राओं को खाने पर आमंत्रित किया। श्री सिन्हा ने कहा कि यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत का सबसे बढ़िया नमूना है।

धनबाद पहुंचे कश्मीरी छात्र–छात्राओं में भी इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा गया। छात्राओं ने कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद काफी बदलाव आया है।

********************

राज्य भर में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर 15 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पाकुड़ जिले में 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इसका शुभारंभ उपायुक्त मनीष कुमार ने किया। मौके पर पुलिस अधीक्षक समेत कई अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। उपायुक्त ने बताया कि जिले में अब तक 80 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है।

********************

सरायकेला खरसावां जिले में दिशा की बैठक शुरु हो गयी है। बैठक में रक्षा राज्य मंत्री विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में सांसद कालीचरण मुंडा, जोबा मांझी, विधायक दशरथ गागराई, सविता महतो, जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा और जिले के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित हैं।

*******************

जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में कल से दो दिवसीय डाक टिकट प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा। इसमें जिला स्तरीय फिलेटलिस्ट अपने दुर्लभ डाक टिकटों का प्रदर्शन करेंगे। डाक टिकट के प्रति लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए बिष्टुपुर में प्रभात फेरी निकाली गयी। वरिष्ठ डाकपाल अनिल कुमार ने बताया कि यह प्रदर्शनी न केवल फिलेटलिस्ट्स के लिए एक सुनहरा अवसर है, बल्कि आम जनता के लिए भी डाक विभाग की समृद्ध विरासत और ऐतिहासिक पहलुओं को जानने का एक अनोखा मंच है।

*******************

चतरा जिले के किसानों का रबी फसल की तरफ रुझान बढ़ा है। इस वर्ष जिले में 94 प्रतिशत भूमि पर रबी फसल लगाए गए हैं।

*******************

दुमका का ऐतिहासिक जनजातीय हिजला मेला महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। अब से थोड़ी देर बाद मेले का उद्घाटन होगा। इससे पहले मेले की सफलता को लेकर मेला प्रांगण स्थित मरांग बुरू थान में हिजला गांव के लोगों ने मांझी सुनीलाल हांसदा के नेतृत्व में पूजा अर्चना की। ग्राम प्रधान और नायके ने लोगों से सौहार्द पूर्ण माहौल में मेले का आनंद उठाने और अपनी विरासत को बचाए रखने की अपील की।

*******************

झारखंड के 21 जिलों में कल वज्रपात के साथ–साथ बारिश होने की संभावना है। इसको लेकर मौसम विभाग ने औरेंज अलर्ट जारी किया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार 22 फरवरी को राज्य के कुछ जिलों में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

*******************

दक्षिण–पूर्व रेलवे की मेजबानी में रांची के हटिया में चल रही अखिल भारतीय पुरुष रेलवे हॉकी चैंपियनशिप में रेल कोच फैक्टरी कपूरथला ने रेल व्हील फैक्टरी बेगलुरु को एक के मुकाबले दस गोल से पराजित कर दिया।

*******************

<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें</u>

- रांची पीएमएलए की विशेष अदालत ने इडी की ओर से दाखिल उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें एजेंसी ने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि पूजा सिंघल को कोई विभाग ना दिया जाये। इस आदेश से पूजा सिंघल को बड़ी राहत मिली है।
- छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली हमले में पलामू निवासी सीआरपीएफ जवान महिमा शुक्ला शहीद हो गए। आज सुबह जवान का पार्थिव शरीर उनके घर पर लाया गया और फिर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।
- रांची मंडल के हटिया–नुआगां रेलखंड के टाटी स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से संबलपुर–गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस आज और कल दो घंटे और हटिया–पुरी तपस्विनी एक्सप्रेस एक घंटे विलंब से प्रस्थान करेगी।

****************